## ★ प्रस्ताव 32 के पक्ष में तर्क ★

प्रत्येक California वासी, जो कम से कम पूर्णकालिक, 40-घंटे वाले कार्य सप्ताह पर काम करता है, वह जीवन की बुनियादी ज़रूरतों को वहन करने में समर्थ होना चाहिए। हालांकि, 2 मिलियन California वासी ऐसे हैं, जो पूर्णकालिक और इससे अधिक काम कर रहे हैं, लेकिन $18 प्रति घंटा से कम कमाते हैं। इनमें से ज़्यादातर California वासी, जो $18 प्रति घंटा से कम कमाते हैं, अपने घर के मुखिया हैं। इनमें से ज़्यादातर California वासी, जो $18 प्रति घंटा से कम कमाते हैं, के बच्चे हैं।

हम सभी इस बात पर सहमत हो सकते हैं कि California वासी, जो मेहनत करते हैं, पूर्णकालिक या अधिक काम कर रहे हैं, गरीबी में नहीं रहने चाहिएं। लेकिन लाखों California वासी इसी तरह रह रहे हैं क्योंकि उनके वेतन इतने कम हैं कि उनके लिए California में निर्वाह बहुत महंगा हो गया है।

इसके अलावा, जब उन लोगों को, जो मेहनत करते हैं, उतने वेतन का भुगतान किया जाता है, जो जीवन की बुनियादी ज़रूरतों को वहन करने के लिए पर्याप्त नहीं होता, तो इसे ठीक करने के लिए करदाताओं पर ज़्यादा बड़ा बोझ डाला जाता है, जिसका कुछ कार्पोरेशंस भुगतान नहीं करतीं। यह सभी कारोबारों के लिए गलत है, जो अपने कर्मियों के साथ सही करते हैं कि कुछ कार्पोरेशंस को California वासियों को इतने कम वेतन का भुगतान करने की अनुमति दी जाती है कि उन कर्मियों को करदाता वित्तपोषित सहायता की ज़रूरत पर छोड़ दिया जाता है। करदाताओं को कुछ कार्पोरेशंस को वित्तीय छूट नहीं देनी चाहिए, जो बेहद कम वेतन का भुगतान करते हैं और शेष पैसे को उन्हें अपने मालिकों के लिए फ़ालतू मुनाफे के रूप में रखने में सक्षम नहीं बनाना चाहिए।

न्यूनतम वेतन को $18 प्रति घंटा तक बढ़ाकर, प्रस्ताव 32 California के 2 मिलियन कर्मियों के लिए अत्यधिक ज़रूरी वृद्धि लाएगा और अधिक खुशहाल प्रणाली तैयार करेगा, जहाँ बड़ी कार्पोरेशंस को छोटे कारोबारों, हमारे समुदायों और सबसे मुश्किल काम करने वाले हमारे पड़ोसियों का शोषण करने की अनुमति नहीं है।

अंत में, जब ज़्यादा California वासी अपने काम के लिए उचित वेतन कमाते हैं, तो हमारी संपूर्ण अर्थव्यवस्था बेहतर होती है। कामकाजी लोग अपना किराया चुकाने में बेहतर ढंग से समर्थ होते हैं, अपने बच्चों के लिए प्रतिदिन तीन बार भोजन प्रदान कर पाते हैं, और वो सारा खर्च हमारे स्थानीय समुदायों की अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करता है। वह बढ़ा हुआ खर्च हमारे समुदायों में ज़्यादा नौकरियाँ पैदा करता है, जो हर किसी को खुशहाल बनाता है।

अब समय आ गया है कि हम California को ऐसी जगह बनाएँ, जहाँ कामकाजी परिवार इसका खर्च उठा सकें। न्यूनतम वेतन को $18 प्रति घंटा तक बढ़ाकर, प्रस्ताव 32 सीधे 2 मिलियन California वासियों की ज़िंदगियों को बेहतर बनाएगा, जो वृद्धि प्राप्त करेंगे और हम हमारे समुदायों में ज़्यादा खर्च को प्रोत्साहित करेंगे, जिसे उस वृद्धि की सबसे ज़्यादा जरूरत है। वह वृद्धि हर किसी के लिए ज़्यादा नौकरियाँ और ज़्यादा खुशहाली पैदा करेगी।

प्रस्ताव 32 पर हाँ में मतदान करें!

**Joe Sanberg**, गरीबी विरोधी अधिवक्ता

32

## ★ प्रस्ताव 32 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 32 पर नहीं में मतदान करें!

मतपत्र विधेयक करोड़पतियों के लिए खिलौने नहीं होने चाहिएं।

एक अकेला व्यक्ति—एक करोड़पति—प्रस्ताव 32 के पीछे है।

एक अकेले व्यक्ति ने प्रस्ताव 32 लिखा है, इसे मतपत्र पर लाने के लिए कई मिलियन डॉलर खर्च किए हैं, और प्रस्ताव 32 के लिए दलील लिखी है।

छोटे कारोबार और कामकाजी परिवार के समर्थक प्रस्ताव 32 नहीं चाहते।

कामकाजी परिवारों और छोटे कारोबारों के लिए California की कई प्रमुख आवाजें प्रस्ताव 32 को मतपत्र पर नहीं देखना चाहती थीं, लेकिन इस एक लेखक ने अपनी मनमानी की।

यहाँ तक कि उच्च न्यूनतम वेतन के लिए प्रमुख समर्थकों ने भी प्रस्ताव 32 को मतपत्र से हटाने का अनुरोध किया। उसने इनकार कर दिया।

एक व्यक्ति को केवल एक योग्यता के साथ कि वह अमीर है, 39 मिलियन California वासियों के लिए श्रम नीति लिखवाने का प्रयास नहीं करना चाहिए। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि प्रस्ताव 32 में इतनी कमियाँ हैं।

प्रस्ताव 32 छोटे कारोबारों को कीमतें बढ़ाने के लिए मजबूर करता है, जिससे महंगाई बढ़ती है और California में निर्वाह-खर्च में और भी वृद्धि होती है। यह कामकाजी परिवारों को तकलीफ़ पहुंचाता है!

प्रस्ताव 32 राज्य और स्थानीय सरकारों के लिए लागतों में कई बिलियन डॉलरों की वृद्धि करता है, जिसका अर्थ है कि वे महत्वपूर्ण सेवाओं को रोक देंगे और टैक्सों में वृद्धि करेंगे।

प्रस्ताव 32 नौकरियों को नुकसान पहुंचाता है, जिससे किशोरों और अल्पसंख्यकों पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है, जो प्रवेश स्तर की नौकरियों से शुरू किए जाने वाले करियर में आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। इस कारण से California के नेता, जिन्होंने पहले न्यूनतम वेतन वृद्धियों का समर्थन किया था, अपनी बात से पलट गए हैं और उन्हें कम करने की मांग की है।

साथ ही प्रस्ताव 32 California के न्यूनतम वेतन कानूनों के बढ़ती हुई जटिल घपलेबाजी को और बदतर करता है, जो कामगार और छोटे कारोबार के मालिक, दोनों को ही उलझन में डालता है।

प्रस्ताव 32 एक अहंकारी परियोजना प्रतीत होती है, कामकाजी California वासियों के लिए वास्तविक समाधान नहीं।

*StopProp32.com* पर तथ्य प्राप्त करें।

प्रस्ताव 32 पर नहीं में मतदान करें!

**Jot Condie**, प्रेज़ीडेंट
California रेस्टोरेंट संघ

**Jennifer Barrera**, प्रेज़ीडेंट
California चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स

**Ron Fong**, प्रेज़ीडेंट
California ग्रोसर्स संघ


इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी की राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा इनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है।

## ★ प्रस्ताव 32 के विरुद्ध तर्क ★

प्रस्ताव 32 पर नहीं में मतदान करें।

प्रस्ताव 32 आपकी निजी लागतों में वृद्धि करता है; California के भारी बजट घाटे को और बदतर बनाता है; छोटे कारोबारों को तकलीफ़ पहुंचाता है; नौकरियों को नुकसान पहुंचाता है; और वास्तविक कर्मियों को कष्ट पहुंचाता है, जिनकी मदद के लिए इसे बनाए जाने का ढोंग किया जा रहा है।

प्रस्ताव 32 हमारे बजट घाटे को प्रति वर्ष कई बिलियन डॉलर तक पहुंचाता है और सार्वजनिक सुरक्षा और शिक्षा के लिए निधिकरण को जोखिम में डालता है।

California ने हाल ही में $50 बिलियन का बजट घाटा देखा है। कई शहर और काउंटीज भी भारी घाटे का सामना कर रही हैं। इसी मतपत्र पुस्तिका में प्रस्ताव 32 का स्वतंत्र वित्तीय विश्लेषण बताता है कि न्यूनतम वेतन वृद्धि से संभावित रूप से राज्य और स्थानीय सरकारों पर प्रत्येक वर्ष कई बिलियन डॉलर की लागत आएगी।

इसका अर्थ है दो चीजें। आपका बदलाव लाने के लिए उच्च टैक्सों का भुगतान करना और महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में कटौतियां करना, जैसे K–12 शिक्षा, सार्वजनिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा, और बेघर लोगों का सड़कों से हटाना।

प्रस्ताव 32 California वासियों के लिए कीमतों में वृद्धि करता है, जब हम इसे और भी कम वहन कर सकते हैं

California में निर्वाह-खर्च बहुत ज़्यादा है। भोजन, गैस, जनोपयोगी सेवाओं, स्वास्थ्य सेवा और कपड़ों के लिए पिछले तीन वर्षों में कीमतें 20% से अधिक हुई हैं। प्रस्ताव 32 इसे और भी बदतर बनाता है क्योंकि यह पारिवारिक-स्वामित्व वाले कारोबारों पर लागतों में वृद्धि करेगा, जो इसे और अधिक वहन नहीं कर सकते और छोटे नियोक्ताओं को उच्च न्यूनतम वेतन को अपनाने के लिए उपभोक्ताओं के लिए कीमतों में वृद्धि करने के लिए मजबूर करता है। California के नए फास्ट-फूड न्यूनतम वेतन कानून को देखते हुए, California में फास्ट-फूड की कीमतें छह महीनों में 7% तक बढ़ गई हैं, जो देश में सबसे तेज़ी से होने वाली वृद्धि है। कुछ प्रसिद्ध "सामान्य मूल्य वाले भोजनों" पर देश के बाकी हिस्सों के मुकाबले California में अब 40% ज़्यादा लागत आती है।

प्रस्ताव 32 छोटे रेस्टोरेंट्स, ग्रोसरी स्टोरों, सुविधा स्टोरों, छोटी रिटेल दुकानों, किसानों आदि के लिए ये रिकॉर्ड-सेटिंग कीमत वृद्धियाँ लाता है, इसलिए हमें हर जगह वही कीमतें बढ़े होने का झटका लगेगा।

प्रस्ताव 32 छोटे, पारिवारिक-स्वामित्व वाले कारोबारों को नुकसान पहुंचाएगा

प्रस्ताव 32 छोटे कारोबारों पर भी वही उच्च न्यूनतम वेतन थोपता है, जो यह बड़ी कार्पोरेशंस पर लगाता है। छोटे कारोबार इस उच्च लागत के प्रभाव से ज़्यादा असुरक्षित हैं और हमारे आस-पड़ोस और समुदायों में इन पारिवारिक-स्वामित्व वाले कारोबारों को बंद करने को मजबूर कर सकते हैं।

प्रस्ताव 32 नौकरियों को नुकसान पहुंचाता है

फिर से न्यूनतम वेतन में वृद्धि से ऐसा प्रतीत होता है कि कर्मियों को उनकी ज़रूरतें पूरी करने के संघर्ष में कुछ मदद मिलेगी। कौन नहीं चाहता कि कर्मियों को ज़्यादा वेतन मिले? इससे हमें अच्छा महसूस होता है, यदि हमें लगता है कि हम हमारे साथी California वासियों की मदद कर रहे हैं।

लेकिन अब सच्चाई सामने आ चुकी है, न्यूनतम वेतन को बढ़ाना, खासकर तब, जब हम इसे बहुत तेज़ी से बढ़ाते हैं, तो हज़ारों नौकरियों को नुकसान पहुंचाता है, और जब किसी कामगार की नौकरी छूटती है, या कंपनी दिवालिया हो जाती है, तो वेतन शून्य डॉलर प्रति घंटा हो जाता है। साथ ही, नौकरी का यह नुकसान खासतौर पर हमारी अतिसंवेदनशील आबादियों को सबसे ज़्यादा प्रभावित करता है, जिसमें युवा अफ्रीकी-अमेरिकी, लैटिनो, और गैर-कॉलेज शिक्षित कामगार बेहद भारी बोझ का सामना करते हुए अपनी पहली नौकरी ढूंढने का प्रयास कर रहे हों।

*StopProp32.com* पर तथ्य प्राप्त करें और प्रस्ताव 32 पर नहीं में मतदान करें!

**Jot Condie**, प्रेज़ीडेंट
California रेस्टोरेंट संघ

**Jennifer Barrera**, प्रेज़ीडेंट
California चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स

**Ron Fong**, प्रेज़ीडेंट
California ग्रोसर्स संघ

## ★ प्रस्ताव 32 के विरुद्ध तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 32 पर हाँ में मतदान करने का अर्थ है, सेवा, अत्यावश्यक और अन्य कर्मियों के लिए जीवन की बुनियादी ज़रूरतों को वहन करने में उनकी मदद करने के लिए वृद्धि करना।

प्रस्ताव 32 पर हाँ में मतदान करने का अर्थ है, अकेली मांओं के लिए जीवन की बुनियादी ज़रूरतों को वहन करने में उनकी मदद करने के लिए वृद्धि करना।

प्रस्ताव 32 पर हाँ में मतदान करने का अर्थ है, एक मिलियन से अधिक कामकाजी महिलाओं के लिए लैंगिक भुगतान अंतराल को समाप्त करना।

जो सामान और सेवाएँ आप खरीदते हैं, वो ज़्यादा महंगी हो गई हैं क्योंकि कार्पोरेशंस अब और मुनाफे कमा रही हैं! वर्ष 2000 के बाद से कार्पोरेट मुनाफ़ों में 100% की वृद्धि हुई है। स्टॉक मार्किट ने इस वर्ष बार-बार अब तक का सबसे ज़्यादा मुनाफ़ा कमाया है।

कार्पोरेट प्रचारक, जो वेतन को कम रखकर ज़्यादा पैसा कमाते हैं, आपको इस बात पर राजी करने की कोशिश कर रहे हैं कि न्यूनतम वेतन को बढ़ाने से निर्वाह-खर्च में वृद्धि होगी, लेकिन यह झूठ है। कार्पोरेट के भारी मुनाफ़ों की वजह से ही निर्वाह-खर्च में वृद्धि हुई है। अब, हमें सेवा कर्मियों, अत्यावश्यक कर्मियों, अकेली मांओं, और अन्य कामकाजी California वासियों को जीवन की बुनियादी ज़रूरतों को वहन करने में समर्थ बनाने के लिए न्यूनतम वेतन को बढ़ाना होगा।

प्रस्ताव 32 पर हाँ!

यहाँ अधिक जानकारी प्राप्त करें: *livingwageact.com*

**Ada F. Briceño**, सह-प्रेज़ीडेंट
यूनाइट हियर लोकल 11

**Nanette Barragán**, क्रांगेसवुमैन
U.S. प्रतिनिधि सदन, California 44 वां ज़िला

**Saru Jayaraman**, प्रेज़ीडेंट
एक उचित वेतन